योग दिवस | कटंगी में उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, किया गया सामूहिक योगाभ्यास

# योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन पद्धति है : शर्मा




**नवभारत कटंगी 21 जून।** भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को कटंगी क्षेत्र में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह, उमंग और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रही, जिसके अनुरूप लोगों ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। ग्राम उमरी स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा आमजन ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया।

### ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया

कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षक रामप्रसाद चौधरी एवं सहायक प्रशिक्षक निक्की चौरे ने उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक सिद्ध होता है।

### प्रतिभागियों का योग प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

योग दिवस समारोह का विशेष आकर्षण विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन रहा। एक नन्हें बालक ने कठिन योगासनों का प्रदर्शन कर उपस्थितजनों को आश्चर्यचकित कर दिया, वहीं ग्राम चिकमारा निवासी 84 वर्षीय हरिराम देशमुख ने शीर्षासन एवं मयूरासन जैसे जटिल आसनों का सफल प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि योग उम्र का नहीं, बल्कि नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास का विषय है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कायदी में शिविर आयोजित



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आयुष आरोग्य मंदिर कायदी के संयुक्त तत्वाधान में वृहद योग शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन आयुष आरोग्य मंदिर कायदी के सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष घोड़ेश्वर एवं स्कूल के प्राचार्य श्री करण सिंह मेडावी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ । शिविर में योग प्रशिक्षक एवं शिक्षक द्वारा सामूहिक योग एवं प्राणायाम कराया गया। साथ ही योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायक होता है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ने उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग और प्राणायाम को जीवन का नियमित हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग से मन शांत रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य श्री करण सिंह मेडावी, श्री नरेंद्र डोहरे शिक्षक , श्री गुरुनन्द पवार योग शिक्षक के साथ स्कूल स्टाफ एवं आयुष आरोग्य मंदिर से श्रीमती पुष्पा ठाकरे, श्रीमती करुणा घोड़ेश्वर, योग प्रशिक्षक श्रीमती पूजा दुबे आदरणीय ललिता सोनवाने श्रीराम सोनवाने के साथ बड़ी संख्या में बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



21जून 2026 दिन-रविवार को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज गायखुरी बालाघाट और zerodb11 कंपनी के संयुक्त तत्ववधान में योग प्रशिक्षक पं. रविशंकर दुबे के द्वारा 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हुआ, भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन।

इस अवसर पर योग दिवस 2026 क़ी थीम-बढ़ती आयु के लिए योग व स्वस्थ और वृद्धवस्था के लिए योग पर चिकित्सा और योग के परस्पर संबध को आगे बढ़ाते रहने का संकल्प लेते हुए उपस्थित साधको ने योग व मेडिटेशन किया इसके परिणाम स्वरूप उपस्थित साधको ने मानसिक शान्ति व आत्मिक सुख का आनंद लिया द्य साथ ही इस अवसर पर उपस्थित चिकित्स्कों ने अपने अपने चिकित्सिकीय सलाह देते हुए योग को वर्तमान जीवन शैली के लिए आवश्यक बतायाद्य इस गरिमामयी उत्सव को समूचे विश्व में मनाया जाना भारत के लिए विश्व गुरु क़ी परिकल्पना क़ी और बढ़ते कदम बताया । इस आयोजन पर डॉ. प्रिंस वर्मा, डॉ शुभम वेध, डॉ कवडे, डॉ राहुल गेड़ाम, डॉ दुष्यन्त पारधी, विजय राजपूत, सहित समस्त मेडिकल स्टॉफ, नर्स बहने के साथ अन्य योग साधक, व वरिष्ठजन उपस्थित हुए।

## योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का लिया प्रण, उत्साह और अनुशासन के साथ हुआ आयोजन




योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।' इसी संदेश को आत्मसात करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर, बालाघाट में रविवार 21 जून 2026 को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ बाल विकास समिति के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया तथा योग के महत्व को समझते हुए स्वस्थ, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बाल विकास समिति के सचिव प्रदीप गुप्ता, सह सचिव अशोक बिसेन, कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुप्ता तथा बुध सिंह धुर्वे सहित विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। योग सत्र की शुरुआत सूर्य नमस्कार से हुई। इसके बाद प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने पूरे उत्साह और मनोयोग के साथ अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। वक्ताओं ने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान, आत्मविश्वासी एवं तनावमुक्त बनाता है। वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग की उपयोगिता और भी अधिक बढ़ गई है। योग न केवल विभिन्न रोगों से बचाव का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता, आत्मानुशासन एवं मानसिक संतुलन का भी विकास करता है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा भारतीय संस्कृति की इस महान परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजन का समापन राष्ट्रभक्ति एवं गौरव के भाव के साथ राष्ट्रगान द्वारा किया गया। योग दिवस का यह आयोजन स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कंकर मुंजारे को सोशल मीडिया पर जान से मारने की मिली धमकी



**नवभारत,खैरलांजी।** खैरलांजी क्षेत्र में सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना खैरलांजी में एक लिखित शिकायत दी गई है।

आवेदक रामेश्वर कुतराहे निवासी पिण्डकेपार ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि अज्ञात व्यक्ति राजकुमार ठाकरे द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के खिलाफ अशोभनीय और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। आरोप है कि आरोपी ने न केवल गाली-गलौच की, बल्कि घर में घुसकर जान से मारने की धमकी भी दी इस घटना से पूर्व सांसद के समर्थकों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और उसे तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि इस तरह की हरकत से क्षेत्र का माहौल खराब हो सकता है, इसलिए समय रहते उचित कार्रवाई जरूरी है। आरोपी की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी हो और सोशल मीडिया पोस्ट की जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, फिलहाल, थाना खैरलांजी पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के समर्थक रामेश्वर कुतराहे ने कहा मेरे द्वारा पूर्व सांसद कंकर मुंजारे जी की पोस्ट फेसबुक पर डाली गई थी इस पोस्ट पर राजकुमार ठाकरे द्वारा कमेंट कर गंदी-गंदी गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई है जो हमारे नेता की छवि धूमिल हुई है रामेश्वर पुत्र का कहना है कि राजकुमार ठाकरे पर जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए मुख्य रूप से उपस्थित रहे रामेश्वर कुत्राहे, अजब करपगये, लक्ष्मण दमाहे, जगदीश सुलाखे, बसंत नागपुरे, रिसिक लिल्हारे, लाखन सिंह लिल्हारे, वीरेंद्र अटराहे, बलिराम मस्करे, सीताराम अटराहे, अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## दंड प्रावधानों और जुर्माना राशि में हुआ संशोधन

**जबलपुर, नवभारत।** रेल यात्रियों की सुविधा, रेलवे परिसरों में अनुशासन बनाए रखने तथा रेल सेवाओं के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल अधिनियम, 1989 की विभिन्न धाराओं में संशोधित दंड एवं जुर्माना प्रावधान 19 जून से प्रभावी हो गए हैं। भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अधिनियम, 2026 के अंतर्गत रेल अधिनियम से संबंधित संशोधित प्रावधान लागू कर दिए गए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि संशोधित प्रावधानों का उद्देश्य यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा रेलवे परिसरों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## कंकर मुंजारे के समर्थन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

▸ स्थानीय महापुरुषों की उपेक्षा पर सवाल उठाना अपराध नहीं



**नवभारत,बालाघाट।** पूर्व सांसद एवं वरिष् नेता कंकर मुंजारे द्वारा गर्रा ओवरब्रिज के नामकरण को लेकर उठाए गए प्रश्नों पर उनके विरुद्ध दर्ज प्रकरण को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

पार्टी का कहना है कि मुंजारे ने किसी समाज या महापुरुष का अपमान नहीं किया, बल्कि यह तर्क रखा कि बालाघाट जिले में निर्मित पुल का नाम ऐसे स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक या जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महापुरुष के नाम पर रखा जाना चाहिए, जिनका इस क्षेत्र से सीधा संबंध रहा हो। पार्टी के अनुसार राजा भोज भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण शासक रहे हैं और उनका सम्मान सभी करते हैं, लेकिन किसी सार्वजनिक निर्माण के नामकरण पर वैकल्पिक राय रखना लोकतांत्रिक अधिकार है। किसी विषय पर असहमति या सुझाव को धार्मिक भावनाओं से जोड़कर आपराधिक प्रकरण दर्ज करना उचित नहीं माना जा सकता। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजी कमलेश टेकाम ने कहा कि बालाघाट की धरती वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और जननायकों की कर्मभूमि रही है। ऐसे में स्थानीय अस्मिता, इतिहास और क्षेत्र के महापुरुषों को सम्मान देने की मांग को अपराध की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। पार्टी ने प्रशासन से निष्पक्षता बरतने और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि विचारों का जवाब संवाद और तर्क से दिया जाना चाहिए, मुकदमों से नहीं। कंकर मुंजारे के विरुद्ध धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में दर्ज प्रकरण को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई है। पार्टी ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार बताते हुए प्रकरण वापस लेने की मांग की है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने जारी बयान में कहा कि इतिहास, जनहित और सार्वजनिक विषयों पर अपने विचार रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

मतभेदों का समाधान संवाद और तथ्यों के आधार पर होना चाहिए, न कि आपराधिक प्रकरण दर्ज कर असहमति के स्वर को दबाने का प्रयास किया जाना चाहिए।पार्टी ने आरोप लगाया कि विचारों की लड़ाई को समाजों के बीच संघर्ष का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है, जो सामाजिक सौहार्द के लिए उचित नहीं है। पार्टी ने सभी समाजों से शांति एवं संयम बनाए रखने की अपील करते हुए प्रशासन से निष्पक्षता बरतने की मांग की है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के साथ खड़ी है तथा लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।

**इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई, डाली तस्वीरें, अश्लील कमेंट्स किए** - नवभारत, जबलपुर। कुण्डम थाना अंतर्गत डबरा कला में एक सिरफिरे ने कॉलेज में पढ़ने वाली एक 20 वर्षीय छात्रा को बदनाम करने की नीयत से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई। आरोपी ने छात्रा की तस्वीरों को पोस्ट कर उस पर बेहद अश्लील कमेंट्स लिखकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम डबरा कला की रहने वाली 20 वर्षीय युवती बी.एससी. सेकंड ईयर की छात्रा है। बीती रात करीब 10:30 बजे छात्रा के पिता ने उसे बुलाया और बताया कि इंस्टाग्राम पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से एक फर्जी प्रोफाइल बनाई है। इस प्रोफाइल पर छात्रा की तस्वीरें अपलोड की गई हैं और उनके साथ बेहद आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं।

## 1600 किलो महुआ लाहन एवं 35 लीटर कच्ची शराब जब्त

### अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम सालेभर्री एवं भांडामुर्री में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया। आबकारी वृत्त वारासिवनी, बालाघाट एवं कटंगी की संयुक्त टीम ने जंगल क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर प्लास्टिक के ड्रमों एवं डिब्बों में भरा हुआ लगभग 1600 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 35 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची मदिरा बरामद की। कार्रवाई के दौरान आवश्यक नमूने लेकर शेष महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं (च) के तहत दो प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 65 हजार 250 रुपये बताया गया है। कार्रवाई में आबकारी वृत्त प्रभारी एवं उपनिरीक्षक संदीप श्रीवास, रमाकांत बघेल, मनोज अंजलेकर, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके सहित अन्य आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे।

परीक्षा | 89 .43 प्रतिशत रही उपस्थिति

## बालाघाट जिले के 8 केंद्रों पर शांतिपूर्वक हुई री-नीट परीक्षा



**बालाघाट।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-UG) री-एग्जाम 2026 का आयोजन शनिवार 21 जून को जिले के 08 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। परीक्षा में कुल 3112 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2783 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 329 अनुपस्थित रहे। जिले में कुल उपस्थिति प्रतिशत 89.43 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### नीट परीक्षा में केंद्रवार उपस्थिति एवं अनुपस्थिति का विवरण इस प्रकार है

सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 600 परीक्षार्थियों में से 509 उपस्थित एवं 91 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 84.83 प्रतिशत रही।शासकीय कन्या उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय, बुढ़ी, बालाघाट में 232 में से 214 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 18 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 92.24 प्रतिशत दर्ज की गई। शासकीय कमला नेहरू गर्ल्स कॉलेज, बालाघाट में 240 में से 226 उपस्थित एवं 14 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 94.17 प्रतिशत रही। शासकीय एम एल बी विद्यालय, बालाघाट में 480 परीक्षार्थियों में से 424 उपस्थित एवं 56 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 88.33 प्रतिशत रही। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, बालाघाट में 240 में से 220 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 20 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 91.67 प्रतिशत रही। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट में 480 में से 403 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 77 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 83.96 प्रतिशत दर्ज की गई। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली-बालाघाट में 360 में से 336 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 24 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 93.33 प्रतिशत रही। जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 480 परीक्षार्थियों में से 451 उपस्थित एवं 29 अनुपस्थित रहे। यहां उपस्थिति का प्रतिशत 93.96 रहा।

जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। अधिकारियों ने परीक्षा संचालन की सतत निगरानी कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## कट्टे का ट्रिगर दबा, युवक घायल, हालत गंभीर

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत कृपाल चौक के पास शनिवार दोपहर घर का ताला खोलते समय एक युवक के पास मौजूद लोडेड कट्टे का ट्रिगर अचानक दब गया। कट्टे से निकली गोली सीधे युवक के दाहिने हाथ में जा लगी। गोली लगते ही युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा, जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि कृपाल चौक के पास किराए के मकान में रहने वाला शुभम सिंह ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर (20) शनिवार को अपने घर में ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया हुआ था। दोपहर करीब तीन बजे जब वह वापस लौटा, तो उसके हाथ में एक अवैध लोडेड कट्टा था। शुभम जैसे ही अपने कमरे का ताला खोलने लगा, तभी अचानक कट्टे का ट्रिगर दब गया और फायर हो गया। गोली सीधे उसके दाहिने हाथ को चीरती हुई पार हो गई। घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

## मेहनत व निरंतर प्रयास से ही मिलती है मंजिल

▸ पौनियां में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित



**नवभारत कटंगी 21 जून।** ग्राम पंचायत पौनियां में 20 जून को मेधावी छात्र सम्मान समारोह उत्साह, गरिमा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा, 'सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही आपको मंजिल तक पहुंचाएगा। आज सम्मान पाने वाले ये बच्चे कल गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे।

### शिक्षा के प्रति बनता है सकारात्मक माहौल

कार्यक्रम में कहा गया कि मेधावी छात्रों का सम्मान सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है। अभिभावकों से भी बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।

### आयोजकों ने जताया आभार

कार्यक्रम के आयोजक आलोक चौधरी एवं मित्र मंडली पौनियां ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा, 'ऐसे आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा भरते हैं। गांव का बच्चा जब मंच पर सम्मान पाता है तो पूरे परिवार-गांव का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।'